## ॥ श्री ॥
## ॥ बाबा ॥

बाबा धुन गाते चलो
बाबा नाम लेते चलो
सबही छोडके आजाओ
पाओ अपने बाबा को ॥धृ॥

क्यूं देखते हो बाह्यरूप को
अंतरमन तुम पहचानलो
मत लो अपने मनसे लोगो
बाबा नाम सब करवादो
करलो सार्थक मानवजन्म
जो नही आता बार बार
करलो दोस्ती बाबासे तुम
बनादो उनको अपना यार ॥1॥

बाबा मेरे है वो शक्ती
जिनका नही हैं कोई जबाब
डरते है बडे बडे से शत्रू
जिनका होता है अपना राज
है ऐसा उनका महिमा अपार
जो नही बसमे लिखना यार
बस बाबा नाम तुम लेते चलो
जान लोगे तुम अपने आप ॥2॥

करोगे जी भरके बाबासे प्यार
मिलेगा तुमको सेफ्टी वॉल्व
क्या कहु वो सेफ्टी वॉल्व हैं ऐसा
कर्ण का कवच कुंडल था जैसा
ना किसीकी तुम्हे नजर लगे
ना होगा तुम्हे किसीसे डर
केवल मन में बाबा हो
अढल हो उनका श्रद्धा स्थान ॥ 3 ॥

★★★★★